वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 12 | गुरुवार 11 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर


## जयपुर में बेरोजगारों का अनोखा प्रदर्शन

### 1111 फीट लंबा ज्ञापन: रीट, पीटीआई समेत कई भर्ती परीक्षा रिजल्ट जारी करने के लिए किया प्रदर्शन



**जयपुर. कासं।** राजस्थान में लंबित भर्ती परीक्षाओं के रिजल्ट को लेकर बेरोजगारों ने बुधवार को जयपुर में अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे बेरोजगार 1111 फिट लंबा ज्ञापन लेकर कर्मचारी चयन आयोग मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान बेरोजगारों ने कहा- सरकार जल्द से जल्द लंबित भर्ती परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर नई भर्ती का कैलेंडर जारी करें। अगर सरकार ने हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो आने वाले वक्त में प्रदेशभर के बेरोजगार सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। इसका नुकसान सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इस दौरान बेरोजगारों ने आज के 1111 फीट लंबे ज्ञापन का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का भी दावा किया।

## 50 प्रतिभागी देंगे बैले और लैटिन डांस की अनूठी प्रस्तुति



### इस वर्ष की थीम 'इन कन्वर्सेशन विथ डांस' रहेगी, 12 मई को होगा बैले एक्सपोजे

**जयपुर. कासं**

बैले एक्सपोजे का 8वां संस्करण 12 मई को जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस साल बैले एक्सपोजे की थीम 'इन कन्वर्सेशन विथ डांस' रखी गई है, जिसका अर्थ है कि कैसे मूवमेंट्स रचनात्मकता को प्रेरित करते हैं और हमारे शरीर के माध्यम से विभिन्न भावनाओं को किस खूबसूरती से व्यक्त करते हैं। यह उन भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का माध्यम है, जो हर कलाकार के अंदर होते हैं। इस कार्यक्रम में 5 से 45 वर्ष की आयु के करीब 50 प्रतिभागी भाग लेंगे और ऑथेंटिक लैटिन, शास्त्रीय और बॉलीवुड ट्यून्स पर बैले और लैटिन डांस प्रस्तुत करेंगे। स्ट्राइप्स डांस कम्पनी की फाउंडर अदिति सोमानी मानसिंगका ने बताया कि हम इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और वयस्कों के अंदर की विशिष्टता को बढ़ावा देना चाहते हैं, जिससे कि वे अपने दायरे से बाहर निकलकर अपने दिल और आत्मा के साथ खुलकर नृत्य कर सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य यह संदेश देना है कि - कोई भी किसी भी उम्र में किसी भी शैली में नृत्य कर सकता है। अब भी देरी नहीं हुई है। यह शो युवा लड़कियों और महिलाओं के सुंदर व अनूठे बैले और कथक फ्यूजन डांस सीक्वेंस की प्रस्तुति पर केंद्रित होगा। इसके अतिरिक्त शो में बैले और कथक फ्यूजन शैली में नटराज वंदना भी प्रस्तुत की जाएगी।

## मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को मिला 'पर्स' ग्रांट

### विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से मिले 10 करोड़ रुपए, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर होगा काम

**जयपुर. कासं**




मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार की ओर से एक विशेष कॉल के तहत 'प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस' (पर्स) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 10 करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह अनुदान एक बहु-विषयक प्रोजेक्ट अपशिष्ट संसाधनों से उच्च मूल्य उत्पादों का विकास और उपयोग: कृषि और गैर-कृषि अनुप्रयोगों के लिए परिपत्र समाधान के लिए स्वीकृत किया गया था। प्रोजेक्ट का उद्देश्य विभिन्न म्युनिसिपल और कृषि अपशिष्ट उत्पादों को बायोचार में और आगे के अनुप्रयोगों को निर्माण, रबर कंपाउंडिंग, विभिन्न जैविक, ऊर्जा और कृषि अनुप्रयोगों में परिवर्तित करके सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एक समाधान प्रदान करना है। प्रोजेक्ट कार्यान्वयन ग्रुप में डॉ. ललिता लेडवानी (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. रोहित जैन शामिल हैं। विभिन्न उन्नत उपकरण एवं विश्लेषण सुविधा की स्थापना की जाएगी, जो इस क्षेत्र के वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास के लिये लाभकारी सिद्ध होगी। इस उपलब्धि के लिए एमयूजे के प्रेसिडेंट प्रोफेसर जी के प्रभु को मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव 2023 में सम्मानित किया गया।

# जयकारों के बीच मंत्रोच्चार से हुआ श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन हेतु भूमि पूजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित लगभग 125 वर्ष पुरानी श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन हेतु बुधवार 10 मई को भूमि पूजन किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजन उपस्थित थे। शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी एवं मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने बताया कि मानसरोवर के अग्रवाल फार्म स्थित सेक्टर 12 के इन्द्र पथ पर बुधवार को प्रातः 9.00 बजे से भूमि पूजन समारोह हुआ। इससे पूर्व पं.प्रद्युम्न शास्त्री के निर्देशन में णमोकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के बाद अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी, संरक्षक अशोक जैन नेता, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, सचिव सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला सहित कार्यकारिणी सदस्य विनोद जैन कोटखावदा, राजेन्द्र बिलाला ने मंत्रोच्चार के बीच मुख्य शिला रखकर भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पाण्डया, संयुक्त मंत्री कमल बाबू जैन, कार्यकारिणी सदस्य मनीष बैद, मुकेश सोगानी, प्रमोद पहाड़ियां, अरुण शाह , सुनील पहाड़ियां, अरुण काला,संयोजक सुदीप ठोलिया,पी सी छाबड़ा,सहित समाजश्रेष्ठी एन के सेठी, सुधांशु कासलीवाल, महेन्द्र कुमार पाटनी, विवेक काला, रमेश जैन तिजारिया, सुभाष चन्द जैन,राज कुमार कोठ्यारी, जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन, जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन, ज्ञान चंद झांझरी, राजेन्द्र के शेखर, अशोक बख्शी,प्रदीप जैन, एडवोकेट रुपिन काला,एम पी जैन,यश कमल अजमेरा, राजेश बड़जात्या, बाबूलाल गोदिका , नवीन संघी, महावीर सोगानी, राकेश छाबड़ा, योगेश टोडरका, राकेश गोधा, राकेश गोदीका सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। संघी ने बताया कि आगामी सत्र से शिक्षण कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु एक वर्ष में निर्माण कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। कोषाध्यक्ष महेश काला ने बताया कि शिक्षा परिषद जयपुर की विभिन्न कालोनियों में शिक्षण संस्था के रूप में महावीर स्कूल की शाखाएं प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है। मंत्री सुनील बख्शी ने आभार व्यक्त किया।



# मदनगंज किशनगढ़ की पावन धरा पर दीक्षार्थी की निकाली भव्य बिंदोरी एवं शोभा यात्रा

## सकल दिगम्बर जैन समाज की अगुवाई में दीक्षार्थी दीदी का किया ऐतिहासिक अभिनंदन, बिनोरी एवं गोद भराई का हुआ भव्य आयोजन



**फागी. शाबाश इंडिया**

आर्यिका रत्न 105 श्री गरिमा मति माताजी, आर्यिका 105 श्री गंभीर मति माताजी संघस्थ नव दीक्षार्थी डा.उर्वशी दीदी का मदनगंज किशनगढ़ की पावन धरा पर दीक्षा पूर्व दीक्षार्थी उर्वशी दीदी का भव्यता के साथ समाज ने ऐतिहासिक अभिनंदन किया जैन महासभा के मिडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने जानकारी पर अवगत कराया कि कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज एवं बड़जात्या परिवार ने डॉ. उर्वशी दीदी की मेहन्दी रस्म अदा कर छोल भराई की, कार्यक्रम में मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से बुधवार को डॉ.उर्वशी दीदी का दीक्षा पूर्व अभिनंदन, बिनोरी व गोद भराई समारोह आयोजित किया गया। डॉ. उर्वशी की जैनेश्वरी दीक्षा 1 जून को आर्यिका 105 गरिमामति माताजी एवं आर्यिका 105 गंभीरमति माताजी संघस्थ सानिध्य में डिमापुर नागालैंड में आयोजित होगी,आज के कार्यक्रम के पुण्यार्जक गुण सागर जी महाराज के संघपति प्रसिद्ध समाजसेवी विमलकुमार प्रेमचंद बड़जात्या मरवा वाले थे।दीक्षार्थी उर्वशी दीदी की भव्य अगवानी बैंड ,बाजा, ढोल धमाकों के साथ जयकारों के बीच महिलाओं ने नाचते-गाते हुए की, कार्यक्रम में मुनिसुव्रतनाथ पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी व संघपति विमल बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम के तहत मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को सांय 7 बजे छोल भराई की गई। श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन पंचायत के सदस्यों एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सदस्यों ने श्रीफल, फल, सूखे मेवे, काजू, किसमिस, अखरोट, मिश्री आदि से दीक्षार्थी की छोल भरी। तत्पश्चात दीक्षार्थी डॉ. उर्वशी दीदी की बैड-बाजों के साथ बग्गी मैं सवार होकर शोभा यात्रा मुख्य चैराहा, चन्द्रप्रभु मंदिर, आदिनाथ मंदिर, जैन भवन, सिटी रोड होते हुए आरके कॉलोनी स्थित विमलकुमार प्रेमचंद बड़जात्या के निवास स्थान पहुंची। जहां पर भी सकल दिगंबर जैन समाज के सदस्यों एवं बड़जात्या परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित दीदी की छोल भरी गई । तत्पश्चात वहां विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें नरेंद्र कुमार एंड पार्टी द्वारा भक्तिमय मय प्रस्तुतियां दी गई इस दौरान कार्यक्रम में श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, मंत्री सुभाष बड़जात्या, संजय पापड़ीवाल,दिनेश पाटनी, चेतन प्रकाश पांडया, निर्मल पांड्या, नरेंद्र गंगवाल, राजकुमार दोषी, राजकुमार बड़जात्या, अक्षत, दिव्यम, माणकचंद, शांति देवी, रेखा देवी, मंजू गंगवाल, रंजू जैन, जूली जैन, रीना जैन, निधि पहाड़िया आदि उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि किशनगढ़ को गौरवान्वित करते हुए वर्ष 2010 से आर्यिका 105 गरिमामति माताजी एवं आर्यिका 105 गंभीरमति माताजी संघस्थ के संघपति के रूप में ससंघ की विहार, आहार की सकुशल व्यवस्था बड़जात्या परिवार मरवा वाले द्वारा की जाती है, डा.उर्वशी दीदी का जीवन परिचय देते हुए गोधा ने अवगत कराया कि सरल स्वभावी सुशिक्षित डॉक्टर उर्वशी शाह (नव दीक्षार्थी) का जन्म पिता डाह्या भाई - माता श्रीमती चंद्राबहन के गृह आंगन में 5 जनवरी 1977 पोष शुक्ला पूर्णिमा को शुभ बेला में हुआ। परिवार की छह बहनों में तीसरे नंबर की बहन डॉ. उर्वशी जन्म से ही कुशाग्र बुद्धि की होनहार बालिका थी और शिक्षा में उच्च आयाम स्थापित किए थे।

# निम्स यूनिवर्सिटी निदेशक डॉ. पंकज सिंह का भव्य सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्य वक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि डॉ. पंकज सिंह ने बहुत ही सराहनीय कार्य किए हैं सभी लोगों की सेवा करते रहते हैं गत दिनों में सभी डॉक्टरों ने हड़ताल की थी हॉस्पिटल बंद थे तब भी इन्होंने अपना हॉस्पिटल चालू रखा मरीजों की सेवा की यह बहुत बड़ी बात है। आचार्य ने आशीर्वाद स्वरुप माला पहनाकर ,साफा बांधकर आचार्य द्वारा लिखित सार संग्रह ज्योतिष पुस्तक भेंट की, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पंडित हरिओम शास्त्री, विष्णु कुमावत, दिनेश, मुकेश, सुरेश, अशोक आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# हमें सदा सत्य बोलना चाहिए: आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी




**कोटा. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ आर के पुरम् कोटा में विराजमान है। पूज्य माताजी ने जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि - हमें सदा सत्य बोलना चाहिए क्योंकि सत्य भले ही कड़वा हो पर हमारे जीवन में अच्छाईयों को विकसित करने में सहायक बनता है। अच्छी बातें करना सत्य नहीं है बल्कि किसी को उसकी बुराई बताकर उसे अच्छाई सिखाना सत्य है। सत्य बोलने से बड़े से बड़े संकट भी टल जाते हैं और बड़ी उपलब्धियों की प्राप्ति हो जाती है। एक चोर था। एक दिन उसे एक महात्मा मिले। महात्मा ने उससे कहा कि अगर वह हमेशा सत्य बोले तो उसका कल्याण होगा। चोर को यह कठिन काम नजर आया पर चूंकि वह महात्मा से बहुत प्रभावित हुआ था, इसलिए उसने उनकी बात पर अमल करने का फैसला किया। एक दिन वह राजमहल में चोरी करने गया। बाहर निकलते ही वह पकड़ा गया। द्वारपाल ने पूछा, 'तुम इतनी रात में यहां क्या कर रहे हो?' चोर ने कहा, 'मैं चोर हूं और चोरी करके वापस जा रहा हूं।' द्वारपाल को उसकी बात मजाक लगी। वह हंसने लगा। उसने चोर के हाथ में पोटली देखी तो पूछा, 'इसमें क्या है?' चोर बोला, 'इसमें रानी के गहने हैं।' द्वारपाल ने पोटली खोली तो उसमें सचमुच गहने थे। चोर को अगले दिन राजा के सामने पेश किया गया। राजा ने कहा, 'तुम जानते हो राजमहल में चोरी के लिए मृत्युदंड भी दिया जा सकता है, फिर भी तुम कह रहे हो कि तुमने चोरी की है।' चोर ने कहा, 'महाराज मैंने तय कर लिया है कि केवल सत्य ही बोलूंगा।' राजा ने कहा, 'अगर अभी भी तुम कहो कि तुमने चोरी नहीं की है तो तुम्हें माफ किया जा सकता है।' चोर ने कहा, 'मैं सत्य से नहीं हटूंगा। चोरी मैंने ही की है।' राजा ने कहा, 'तो फिर तुम्हें सजा मिलेगी। तुम्हारी सजा यह है कि तुम आज से हमारे मंत्री रहोगे।'

## वेद ज्ञान

### प्रसन्नता से ही सुख

यह अनुमान सही नहीं है कि जो सुखी और साधन संपन्न होता है, वह प्रसन्न रहता है। वस्तुस्थिति इससे विपरीत है। जो प्रसन्न रहता है, वही सुखी और साधन संपन्न है। प्रसन्नता विशुद्ध रूप से एक ऐसी मनोदशा है जो पूर्णतया आंतरिक सुसंस्कारों पर निर्भर रहती है। गरीबी में भी मुस्कराने और कठिनाइयों के बीच भी जी खोलकर हंसने वाले अनेक व्यक्ति देखे जा सकते हैं। इसके विपरीत ऐसे भी अनेक लोग हैं जिनके पास प्रचुर मात्रा में साधन संपन्नता है, पर उनकी मुखाकृति तनी रहती है। क्रुद्ध, चिंतित, असंतुष्ट और उद्विग्न रहना मानसिक दुर्बलता मात्र है जो अंतःकरण की दृष्टि से पिछड़े हुए लोगों में ही पाई जाती है। परिस्थितियां नहीं, मनोभूमि का पिछड़ापन ही इस क्षुब्धता का कारण है। उदात्त और संतुलित दृष्टिकोण वाले व्यक्ति हर परिस्थिति में हंसते-हंसते रहते हैं। वे जानते हैं कि मानव जीवन सुविधाओं-असुविधाओं, अनुकूलताओं और प्रतिकूलताओं के ताने-बाने से बुना गया है। संसार में अब तक एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं जन्मा जिसे केवल सुविधाएं और अनुकूलताएं ही मिली हों और कठिनाइयों का सामना न करना पड़ा हो। इसके प्रतिकूल जिसने अनुकूलताओं पर विचार करना आरंभ किया और अपनी तुलना पिछड़े हुए लोगों के साथ करना शुरू किया उसे लगेगा कि हम करोड़ों से अच्छे हैं। हमारे पास जो प्रसन्नता है, वह एक ईश्वरीय वरदान है और यह हर सुसंस्कृत मनोभूमि के व्यक्ति को प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो सकती है। जिसे शुभ देखने की आदत है, वह सर्वत्र आनंद बटोरेगा, मंगल देखेगा, ईश्वर की अनुकंपा और लोगों की सद्भावना पर विश्वास रखेगा। ऐसी दशा में हंसने-हंसाने के लिए उसके पास बहुत कुछ होगा, किंतु जिन्हें अशुभ चिंतन की आदत है, दूसरों के दोष, दुर्गुण और अपने अभाव, अवरोध खोजने की आदत है, ऐसे लोगों को क्षुब्ध ही रहना पड़ेगा। वे असमंजस, खिन्नता और उद्विग्नता ही अनुभव करते रहेंगे। रोष उनकी वाणी से और असंतोष उनकी आकृति से टपकता रहेगा। ऐसे व्यक्ति स्वयं दुखी रहते हैं और अपने संपर्क में आने वाले दूसरों को दुखी करते रहते हैं। हमें क्रुद्ध, असंतुष्ट और क्षुब्ध नहीं रहना चाहिए।

## संपादकीय

# कर्नाटक चुनाव में निर्वाचन आयोग की अहम पहल...

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार थम गए हैं। आदर्श आचार संहिता के मुताबिक अब प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर संपर्क कर सकते हैं। इस बार चुनाव आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग कुछ सजग और सख्त नजर आ रहा है। प्रचार थमने से पहले उसने सभी राजनीतिक दलों को लिखित निर्देश दिया है कि मतदान से एक दिन पहले और मतदान वाले दिन कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए जा सकते। इसके लिए पहले जिलों की मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणित कराना पड़ेगा। अखबारों के संपादकों को भी पत्र लिख कर ऐसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने से इनकार करने को कहा गया है। उन्हें प्रेस परिषद की मीडिया आचार संहिता का स्मरण भी कराया गया है। इससे यह संकेत तो साफ है कि निर्वाचन आयोग मतदान में किसी भी प्रकार से मतदाताओं को भरमाने, लुभाने और मतदान प्रक्रिया को बाधित करने के खिलाफ है। अगर वह सचमुच अपने अधिकारों का उपयोग करता है, तो राजनीतिक दलों की मनमानियों पर लगाम लग सकती है। देखने की बात है कि वह अपने इस फैसले पर अमल कराने में कितना कामयाब हो पाता है। इसमें अपने निदेर्शों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वह कितनी सख्ती बरतता है। पिछले कुछ सालों से लगातार निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप लगते रहे हैं। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया संपन्न कराए। मगर अक्सर राजनीतिक दल चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते देखे जाते हैं और तमाम शिकायतों के बावजूद निर्वाचन आयोग उनके खिलाफ कोई कड़ा कदम नहीं उठाता। इस लिहाज से कर्नाटक में निर्वाचन आयोग की यह सख्ती कुछ उम्मीद जगाती है। मगर यह केवल विज्ञापनों के प्रकाशन तक सीमित क्यों रहना चाहिए। राजनीतिक दल केवल अखबारों में विज्ञापन के जरिए मतदाताओं को भ्रमित करने या लुभाने का प्रयास नहीं करते। अब प्रचार के अनेक मंच हैं। सबसे बड़ा मंच तो टेलीविजन है, फिर सोशल मीडिया है। पिछले कुछ सालों में राजनीतिक दलों में यह प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है कि मतदान से एक दिन पहले और मतदान वाले दिन वे तमाम अखबारों में पूरे-पूरे पृष्ठ के विज्ञापन देने लगे हैं। यह आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। इस पर रोक लगनी ही चाहिए। मगर यह भी छिपा नहीं है कि चुनाव प्रचार थमने के बाद विभिन्न राजनीतक दलों के नेता टीवी पर साक्षात्कार देने और बहसों में चुनाव नतीजों को लेकर भ्रामक बयान देने लगते हैं। राजनीतिक दलों के आनुषंगिक संगठन कुछ इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिनका सीधा राजनीतिक संबंध तो नजर नहीं आता, पर उनका चुनाव से स्पष्ट संबंध होता है। निर्वाचन आयोग का राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन पर रोक संबंधी निर्देश निस्संदेह स्वागत योग्य है, पर अगर वह सचमुच निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर है, तो उसे राजनीतिक दलों और उनके आनुषंगिक संगठनों की उन तमाम गतिविधियों पर भी नजर रखनी और सख्त रुख अख्तियार करना चाहिए जिनका प्रभाव मतदान पर पड़ सकता है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# फीकी चमक

दुनिया के ज्यादातर देश पिछले कुछ समय से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कई तरह की अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में अगर भारत में सोने के आयात के मामले में भी गिरावट देखी जा रही है तो यह स्वाभाविक ही है। मगर चूंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सोने की अहमियत जगजाहिर है, इसलिए निश्चित रूप से इस गिरावट को एक चिंता के तौर पर ही देखा जाएगा। हालांकि मौजूदा समय में दुनिया के ज्यादातर देशों में आर्थिक गतिविधियों में मुद्रा और लेनदेन के स्वरूप में जिस तेजी से बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनजर सोने की ओर आकर्षण लाजिमी है। लेकिन सवाल है कि आखिर सोने की खरीद के लिए हर स्तर पर जरूरी कारक या आर्थिक मजबूती को सुनिश्चित किए बिना अर्थव्यवस्था को उड़ान कैसे मिलेगी। वाणिज्य मंत्रालय ने जो ताजा आंकड़ा जारी किया है, उसके मुताबिक, वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण भारत में सोने के आयात में 2022-23 में 24.15 फीसद की गिरावट आई और यह घट कर पैंतीस अरब डालर रह गया है। इसमें ऊंचे आयात शुल्क की भी खासी भूमिका मानी जा रही है। भारत में पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में 'पीली धातु' यानी सोने का आयात 46.2 अरब डालर रहा था। यह माना जाता है कि सोने के आयात से देश के चालू खाते के घाटे को कम करने में मदद मिलती है। हालांकि इस बार सोने के आयात में भारी गिरावट के बावजूद देश के व्यापार घाटे को कम करने में मदद नहीं मिली है। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में व्यापार घाटा दो सौ सड़सठ अरब डालर रहने का अनुमान है। यह व्यापार घाटा इससे पिछले वित्त वर्ष में करीब एक सौ इक्यानबे अरब डालर रहा था। जाहिर है, सोने से जुड़े अर्थ-तंत्र में कई पहलू एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और इसकी खरीदारी के मामले में जो तस्वीर बनती है, उसका असर दूसरे क्षेत्र पर पड़ता है। भारत को सोने के सबसे बड़े बाजार के तौर पर देखा जाता रहा है। सोने के आयात के जरिए देश के आभूषण उद्योग की मांग को भी पूरा किया जाता है। अगर मात्रा के लिहाज से देखें तो भारत सालाना करीब आठ सौ से नौ टन सोने का आयात करता है। पिछले कुछ दशकों के दौरान जैसे-जैसे समृद्धि में बढ़ोतरी हुई है, उसी मुताबिक सोने की मांग में भी इजाफा हुआ है। लेकिन पिछले दो-तीन साल में महामारी और पूर्णबंदी जैसे हालात की वजह से अर्थव्यवस्था को जो झटका लगा, उसमें लोगों की आय और क्रयशक्ति पर इसका सीधा असर पड़ा। फिर शादी जैसे समारोह टलने जैसी कुछ वजहों से सोने में निवेश पर नकारात्मक असर पड़ा है। इसके समांतर समृद्धि का सूचकांक आमतौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था के उतार-चढ़ाव पर भी निर्भर करता है। यों सोना कुछ भी उत्पादन नहीं कर सकता है और इस तरह इसे एक अनुत्पादक संपत्ति के तौर पर देखा जाता है। इसकी वृद्धि इस विश्वास पर टिकी होती है कि भविष्य में इसके लिए ज्यादा भुगतान हासिल किया जा सकेगा। इसी संदर्भ में अगर शेयरों या ऋण के माध्यमों में कोई निवेश किया जाता है तो यह देश की उत्पादकता और आर्थिक विकास में योगदान देगा।

# पुलक पर्व के अंतर्गत दूसरे दिन 53 जगह वृक्षा रोपण किया





**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। आचार्य पुलक सागरजी महाराज पर्यावरण सुरक्षा के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते हैं।इसी संदर्भ में इंदौर की शाखाओं द्वारा शहर के अलग अलग क्षेत्रो में, बगीचों में, सड़क किनारे,फार्महाउस पर, एवं शहर के बाहर खुले स्थानों पर वृक्षारोपण किए गए। मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना झांझरी ,राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप बड़जात्या एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष अनामिका बाकलीवाल ने बताया कि पूरे देश भर की पुलक मंच की शाखाओ द्वारा अपने अपने शहर में वृहद आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें जीव दया मानव सेवा धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं।इन्दौर में विशेष रूप से रामचन्द्रनगर शाखा ,मेन मंच, डायमंड शाखा, तिलक नगर शाखा सुख लिया एवं उदयनगर शाखा ने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया साथ ही प्रण लिया कि इन वृक्षों की देखभाल की ज़िम्मेदारी भी मंच परिवार उठाएंगे। वृक्षारोपण में विशेष रूप से महेंद्र मीना निगोत्या, होलास आशा सोनी, कमल रावका, सुधीर आशा डोसी मधु जैन अरुणा जैन उषा दोसी मीरा जैन कविता झांझरी उपस्थित थी।

# स्वर्गीय चौधरी कुम्भाराम आर्य की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई



**सीकर. शाबाश इंडिया**

कुदन में आज स्वतंत्रता सेनानी पुर्व मंत्री सांसद किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी कुम्भाराम आर्य की 109 वीं जयंती पर गांव के मुख्य स्वतन्त्रता सेनानी चौक पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में गांव के सरपंच रामप्यारी सुंडा ब्रजमोहन सुंडा, किसान नेता पुरणमल जगत चाचा, शिक्षाविद दयाराम महरिया, किसान नेता रामचंद्र सुंडा, भागीरथ मल सुंडा, सुलतान सुंडा, रामदेव सिंह भास्कर, रिछपाल सुंडा, रामनिवास नाड़ी, दयाराम, मदनलाल सुंडा, जगदीश काजला, कमल सुंडा, श्यामलाल सुंडा, कालु सोनी, सुधीर शर्मा उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में चौधरी कुम्भाराम आर्य की जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा उनके द्वारा किसानो के हित के लिए किये गये कार्यों की जानकारी दी गई।

# महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा द्वारा यशोदा परियोजना के अंतर्गत गर्भवती महिला की गोद भराई की



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। गोद भराई की रस्म अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू पोखरना व जॉन चेयर पर्सन मंजू खटवड, समाज सेविका बलवीर चोरड़िया के सानिध्य में सुशीला कोठारी एवं सरिता जैन के आर्थिक सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्र बापू नगर में 4 महिलाओं की गोद भराई की गई। श्रीमती प्रीति पंचोली ,श्रीमती गुड़िया पुंडीर, श्रीमती दीपा धाकड़, श्रीमती चंचल पुंडीर द्वारा इन्हें साड़ी ओढ़ाकर पोस्टिक अनाज, गोला ,चना, गुड़ ,परमल, फल भेंट किए गए।अध्यक्ष सुशीला कोठारी ने गर्भवती महिलाओं को कहा कि समय-समय पर टीका लगवाए, अच्छा आहार ले , स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू पोखरना ने महिलाओं को जागरूक करने के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। जॉन चेयरपर्सन मंजू खटवड ने महिलाओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप स्वस्थ रहें, मन में अच्छे भाव विचार लावे, धार्मिक पुस्तकें पढ़ें ताकि बच्चे में अच्छे संस्कार आये। बापू नगर वार्ड 11 की पार्षद श्रीमती इंदु टांक ने महावीर इंटरनेशनल की सेवा कार्य की प्रशंसा कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल मुस्कान की संरक्षक संध्या आगीवाल, विजया बम्ब वीरा, चंचल गोयल, सुशीला लोढ़ा, रेखा रांका, श्वेता महेश्वरी, विमला राका आदि उपस्थित थे।

# पुलक पर्व 53वे अवतरण दिवस महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत गौरव आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज के 53 वें अवतरण दिवस के अवसर पर पुलक मंच परिवार गायत्री नगर ने श्री आदिनाथ जैन रिलीफ ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र में एक वोल्टास का वाटर कूलर ,एक व्हील चेयर एवं वाकर प्रदत्त किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री अनिल टोंग्या, प्रभारी सुरेश लुहाडिया, प्रदीप बाकलीवाल, डॉ सुरेश बोहरा के अतिरिक्त पुलक मंच परिवार की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या,अध्यक्ष मंजू जैन सेवा वाली, अनिल झाँझरी कार्याध्यक्ष, महामंत्री रेखा झाँझरी,व महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, अनिता बड़जात्या, अमित काला, निर्मल उषा सेठी,दौलत विमला जैन, रमेश काला एवं कार्यक्रम के संयोजक सीमा,अशोक पटौदी, गुड्डी पाटनी,राज लुहाड़िया व अन्य सदस्यों के अतिरिक्त जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन व जैन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा एवं उपाध्यक्ष अरुण शाह,संतोष गंगवाल उपस्थित रहे। पुलक मंच परिवार के सदस्यों द्वारा राशन के 40 किट गरीबों को बांटे गये।

# दिगंबर जैन महासंघ ने दिया ज्ञापन

**अजमेर. कांस।** दिगंबर जैन महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद सोनी के नेतृत्व में आज महासंघ के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों के द्वारा एक ज्ञापन जिलाधीश महोदय के माध्यम से जिला वाशिम बेलगांव शिरपुर के प्रशासन के लिए दिया गया। जिसमें वहां पर स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर जिसका इतिहास बड़ा ही महत्वपूर्ण है कई वर्षों से बंद पड़े इस मंदिर को माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा 16 अप्रैल 23 को आदेश के अनुसार खोला गया। वह कुछ गाइडलाइन निश्चित की गई। परंतु कुछ लोगों के द्वारा वहां मंदिर के स्वरूप को बदलने की कोशिश की जोकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना है ।इसी क्रम में आज दिगंबर जैन समाज द्वारा ज्ञापन दिया कि स्थानीय स्थानीय लोगों को पाबंद किया जाए व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की पालना की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद सोनी , वीरेंद्र नेता , सुशील बाकलीवाल, ज्ञानचंद पाटनी, नाथू लाल जैन, प्रकाश पाटनी, राजकुमार पांडेय, अनिल बड़जात्या, राजेंद्र पाटनी, अजय पाटनी, सुनील बाकलीवाल, राजकुमार जैन, सुनील बाकलीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।





# अनोखी पत्रिका के संपादक मनीष बैद का जन्मदिन पर किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानसरोवर में आयोजित श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के भूमि पूजन समारोह में प्रमुख समाज सेवी, राजस्थान जैन सभा के महामंत्री, अनोखी पत्रिका के संपादक मनीष बैद का उनके जन्म दिन पर महावीर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी व कोषाध्यक्ष महेश काला ने साफा पहनाकर सम्मान किया एवं बधाईयां दी। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## 40 यूनिट ब्लड एकत्रित

शाबाश इंडिया। आचार्य श्री पुलक सागर के 53वें अवतरण दिवस पर जयपूरीया ब्लड बैंक के सहयोग से हर साल की भांति इस साल पुलक मंच पिंकसिटी के तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस मौके पर महामंत्री सरोज अजमेरा, रोट. गंगवाल रानी सोगाणी, मोनिका जैन, रेखा जैन, किरण जैन, प्रिती जैन, श्वेता जैन, ज्योती पाटनी, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।


सखी गुलाबी नगरी

Happy Anniversary



11 मई

श्रीमति रश्मि-महेश जैन

को वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक बधाई

सारिका जैन: अध्यक्ष   स्वाति जैन: सचिव

सखी गुलाबी नगरी

Happy Anniversary



11 मई

श्रीमति विजेता-विनीत जैन

को वैवाहिक वर्षगांठ की


हार्दिक बधाई

सारिका जैन: अध्यक्ष   स्वाति जैन: सचिव

# सोशल मीडिया में महिलाओं की निजता के साथ खिलवाड़ क्यूँ?



सोशल मीडिया पर महिलाओं को गुमनाम लोगों की ओर से ब्लैकमेल करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उनकी निजी जानकारियां, तस्वीरें सोशल मीडिया साइट रेडिट पर साझा की जा रही हैं। आजकल मातृत्व चित्रण पर लोग उनकी न्यूड फोटो सोशल मीडिया में शेयर कर रहे है वह चित्र इतने भद्दे लगते हैं जिसे देखकर महिलाएं भी शर्मशार हो जाए। महिलाओं के गर्भावस्था के दौरान की कुछ फोटो शूट नग्नता के आधार पर पेश किए जा रहे हैं। तस्वीरों के नीचे पुरुषों के अश्लील कमेंट जिनमें रेप की धमकियां शामिल है। महिलाओं की सैंकड़ों प्रोफाइल सोशल मीडिया में मौजूद हैं जिसे शेयर किया जा रहा है और बेचा जा रहा है। इन सभी को बिना महिलाओं की इजाजत के यहां पोस्ट किया जाता है। तस्वीरों का साथ फोन नंबर समेत दूसरी जानकारियां भी लोग आपस में शेयर कर रहे हैं। इससे महिलाओं की निजता पर सवाल उठना लाजमी है। इंस्टाग्राम पर क्रॉप टॉप में महिलाओं की तस्वीरों को पोस्ट करने के बाद, उन्हें बलात्कार की धमकियां दी जाती है। ना जाने सोशल मीडिया में कितनी ऐसी अलग-अलग साइट्स है जहां पर सभ्य महिलाओं की भी तस्वीरें न्यूड तस्वीरों में बदलकर पेश कर दी जाती है। जब उन महिलाओं को यह सब पता चलता है तो वह शर्म के मारे आत्महत्या का रास्ता अपनाने लगती है। समाज की विडंबना है कि लोग अपने घर की बहू बेटियों को पर्दे में रखना चाहते हैं परंतु बाहर दूसरे के घर की बहू बेटियों के साथ अश्लील हरकत करते हुए नजर आते हैं। महिलाओं के नाम से फेंक अकाउंट बनाकर लोग अश्लील बातें करते हैं जिसमें उस महिला के नाम का दुरुपयोग होता है। अश्लीलता एक प्रकार का दिमागी प्रदूषण है और समाज को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाली एक सामाजिक समस्या है। इसे किसी भी तस्वीर, फोटोग्राफ, आकृति, लेख, लेख, वीडियो, आदि के रूप में परिभाषित किया जा सकता है या एक सार्वजनिक कार्य जो मन को दूषित या भ्रष्ट करता है और जो कामचलाऊ हितों के लिए अपील करता है या जो स्वीकार्य सामाजिक नैतिक मानकों के खिलाफ है, उसे कहा जाएगा। अश्लील और अश्लील। देर से ही सही, मीडिया ने अर्ध-नग्न विज्ञापनों, वीडियो-ग्राफी, सॉफ्ट-पोर्न के रूप में समाचार और बहुत कुछ के माध्यम से अश्लीलता को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। वे थोड़े और प्रसार, पाठकों की संख्या, दर्शकों की संख्या और थोड़े और पैसे के लिए निश्चित रूप से एक पूरी पीढ़ी के मूल्यों को दांव पर लगा रहे हैं। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति आपकी मर्जी के बिना एकांत में या सार्वजनिक स्थानों पर न तो फोटो ले सकता है और न ही वीडियो बना सकता है। यदि कोई व्यक्ति इरादतन ऐसा करता है तो भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-ई, धारा 67, धारा 67-ए, भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी की धारा 354, 354-सी और 509 में सजा और आर्थिक दंड दोनों का ही प्रावधान किया गया है। यदि किसी महिला के निजी पलों का वीडियो या फोटो लेना, जिससे वह असहज महसूस करती हो तो आईटी एक्ट की धारा 66 ई के तहत ऐसे व्यक्ति को 3 साल की सजा एवं 2 लाख



तक का जुर्माना हो सकता है। इस तरह के मामलों में यदि महिला चेंजिंग रूम में है, वॉशरूम में है या फिर महिला बच्चे को स्तनपान करा रही हो और कोई फोटो या वीडियो बनाता है और उसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फॉरवर्ड करता है तो उसे कारावास एवं अर्थदंड दोनों हो सकता है। छात्राओं और महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। अपने निजी पलों की फोटो या वीडियो लेने की किसी को भी अनुमति न दें। या फिर कोई ऐसा करने की कोशिश कर रहा है तो उसे तत्काल ऐसा करने से रोकें। चाहे वह आपका कितना भी करीबी व्यक्ति क्यों न हो। आपत्तिजनक विडियोज डालने की सजा के लिए कुछ प्रावधान आई पी सी के अंतर्गत भी बनाये गए हैं। किसी आपत्ति जनक वीडियोज जिसमे साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जाता हो या अश्लीलता फैलाई जाती हो तो इसके लिए धाराएं 153अ,153इ,292,295अ और 499 के तहत व्यक्ति पर कार्यवाही की जा सकती है।

पूजा गुप्ताः मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)

## शीतल जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ हुआ




**कुचामन. शाबाश इंडिया**

सबकी सेवा सबको प्यार जीवों और जीने दो के उद्देश्य से चलने वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए आमजन की सुविधा हेतु संस्था द्वारा नया शहर नीम वाले गट्टे पर जहां हर समय चौपाल लगी रहती है उस पर शीतल जल प्याऊ का दिनांक 10/05 /23 को 10 बजे पार्षद सुरेश सिखवाल, पार्षद अयुब शेख व संस्था के गावर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़ियां, अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजित पहाड़ियां, कोषाध्यक्ष वीर सुरेशकुमार जैन ने शुभारम्भ किया ।संस्था सदस्य तेजकुमार , सुनिल माथुर, सम्पत बगड़िया युवा सचिव विकास जैन ने सभी का माला व तिलक से स्वागत किया। कार्यक्रम मे प्रदीप बगड़िया, रवि बगड़िया,अनिल बगड़िया, जुगल सर्राफ, प्रयागराज मिठडी वाला, महेश लढा, बंसी लाल, केशव बाजारी, गोरधन गोयल ने सहयोग कर व्यवस्था कि जिम्मेदारी ली। दोनों पार्षदें ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा कर साधुवाद किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com






# शकुंतला पांड्या बनी अध्यक्ष, अलका गोधा सचिव बनी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

# जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संगिनी फोरम का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संगिनी फोरम का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सिग्नेट पार्क अजमेर रोड पर आयोजित किया गया। समारोह की आगाज णमोकार मंत्र से किया उसके पश्चात मदर्स-डे पर आधारित हाऊजी खिलाई गई। तत्पश्चात सभी ने 1-100नंबर्स का मैमोरी गेम खेला, जिसमें कुसुम काला को प्रथम, रेखा जैन को द्वितीय व रीता सौगानी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सायंकल भव्यता के साथ आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि नॉर्दन रिजन चेयरमैन महेन्द्र सिंघवी ने श्रीमती शकुंतला पांड्या को अध्यक्ष पद की, विशिष्ट अतिथि नॉर्दन रिजन सचिव सिद्धार्थ जैन ने श्रीमती अलका जैन को सचिव पद की, जेएसजी कैपिटल संस्थापक अध्यक्ष सुभाष पांड्या ने नलिनी जैन को उपाध्यक्ष, सुनीता काला को संयुक्त सचिव,व सुनिता पाटोदी को कोषाध्यक्ष पद की व नॉर्दन रिजन संगिनी फोरम कन्वीनर श्रीमती श्वेता लुणावत ने मंजू गंगवाल, चन्दना ठोलिया, पिंकी जैन, सपना गोदिका, मंजू बज व अनिता कटारिया को कार्यकारिणी पद की शपथ दिलाई।

## सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई

@...पेज 10 व 11






# पूर्व अध्यक्षा समता गोदीका ने विगत 10 वर्षों के संगिनी कैपिटल के सफर से कराया अवगत

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संगिनी फोरम के शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारीयों को नार्दन रिजन की तरफ से नॉर्दन रिजन संगिनी फोरम कोर्डिनेटर श्रीमती विनीता जैन, कोर्डिनेटर ग्रीटिंग श्रीमती मीना जैन चौधरी, कन्वीनर श्रीमती श्वेता व श्रीमती मंजू सिंघवी एवं श्रीमती वर्षा ने पिन लगा कर सम्मानित किया। जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल के पूर्व अध्यक्ष दर्शन जैन, सुरेश ठोलिया, सुधीर गंगवाल ,राकेश गोदिका, विनोद सौगानी, व नवीन जैन एवं रिजन पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अपने अपने पद पर स्थापित किया गया। पूर्व अध्यक्षा श्रीमती समता गोदीका ने विगत 10 वर्षों के संगिनी कैपिटल के सफर को प्रोजेक्टर के माध्यम से अवगत कराया व मंच संचालन किया। पूर्व अध्यक्षा श्रीमती हेमा सौगानी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राकेश गोदिका संपादक शाबाश इंडिया व चक्रेश जैन समाचार जगत को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथिगण का साफा, दुपट्टा पहनाकर व उनकी फोटो लगा हुआ फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष मीना - सुनील जैन चौधरी को सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्याओं द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुधीर गोधा,सुबोध पाटोदी, वीरेन्द्र काला ने भी पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्रीमती हीरल जैन द्वारा रोचक तरीके से संगिनी के सफर की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। अंत में सचिव अलका जैन ने सभी को धन्यवाद दिया। @...पेज 11 पर



# जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संगिनी फोरम का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

















# भव्य बिनोरी व गोद भराई समारोह कार्यक्रम गुरुवार 11 मई को




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आर्यिका रत्न 105 श्री गरिमामती माताजी एवं आर्यिका रत्न 105 श्री गंभीरमती माताजी की संघस्थ बाल ब्रह्मचारिणी दीदी डॉक्टर उर्वशी शाह की 1 जून 2023 को डिमापुर (नागालैंड) में होने वाली जिनेश्वरी दीक्षा की अनुमोदना हेतु जयपुर में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एस. एफ. एस. राजावत फार्म मानसरोवर में गोद भराई सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एस. एफ. एस. राजावत फार्म मानसरोवर के महामंत्री सौभाग मल जैन ने बताया कि दीक्षा अनुमोदना के अन्तर्गत गुरुवार 11 मई 2023 को जयपुर में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक संगीतमय हल्दी का भव्य कार्यक्रम (स्थान - सन्त भवन SFS जैन मंदिर में संपन्न होगा। समिति के अध्यक्ष डॉ राजेश काला के अनुसार सायंकाल 7 बजे SFS जैन मंदिर से भव्य जुलुस बैंड व लवाजमे के साथ दीक्षार्थी दीदी की बिनोरी निकलेगी जो 1/39 SFS क्योरवेल अस्पताल के पास मानसरोवर पहुंचेगी जहा दीदी की संगीतमय गोद भराई होगी। गोद भराई का पुण्यार्जक परिवार जयकुमार, सुनीलकुमार, विनयकुमार, शिखरचंद, नवीन कुमार गंगवाल चकवाडा वाले होंगे।

**गोद भराई का पुण्यार्जक परिवार जयकुमार, सुनीलकुमार, विनयकुमार, शिखरचंद, नवीन कुमार गंगवाल चकवाडा वाले होंगे...**

## भक्तिभाव से मनाया दिगंबर जैन आचार्य बाहुबली महाराज का समाधि दिवस चूलगिरी समाधि स्थल पर हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध दिगंबर जैन आचार्य देशभूषण जी महाराज के परम प्रभावित शिष्य आचार्य बाहुबली महाराज का 14 वां समाधि दिवस जैन श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर अतिशय क्षेत्र चूलगिरि सहित शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया की मुख्य आयोजन आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर्वत पर स्थित उनकी समाधि स्थल पर कोल्हापुर से आए अन्नासाहेब बलवंत एवं चूलगिरी क्षेत्र के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर आचार्य श्री की चरण छतरी पर पंचामृत अभिषेक के बाद अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई।आरती के साथ समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की स्तुति गाकर उनके गुणगान किये।इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए। छाबड़ा ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व आचार्य जी महाराज ससंघ सिद्ध क्षेत्र गिरनार पर्वत से मंगल विहार करते हुई आगरा रोड पर खानियां में संघी जी की नसिया में आगमन हुआ ।उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण जयपुर में लंबे समय तक प्रवास किया। चूलगिरि में उनका देवलोक गमन हो गया। अंतिम संस्कार स्थल पर चरण छत्री समाधि स्थल का निर्माण करवाया गया। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य श्री के आशीर्वाद से जयपुर दिल्ली रोड पर शिकोहपुर में सिद्धांत क्षेत्र अतिशय क्षेत्र का भव्य निर्माण करवाया गया है।

## भारतम का लाइट एंड साउंड द्वारा महामंचन किया गया



**पारस जैन पार्श्वमणि.शाबाश इंडिया।** अयोध्या (उत्तर प्रदेश)। साधना मादावत के निर्देशन में भरतस्य भारतम महानाट्य महामंचन तीर्थंकरों की शाश्वत जन्मभूमि अयोध्या में परम्पूज्य गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में हुए पंचकल्याणक महामहोत्सव व महामस्तकाभिषेक महामहोत्सव के अंतर्गत चक्रवर्ती भरत की जीवनगाथा पर आधारित महानाट्य भरतस्य भारतम का लाइट एंड साउंड द्वारा महामंचन किया गया । भारत देश का नाम ऋषभ पुत्र भरत के नाम पर ही पड़ा ।ये महामंचन रँगशाला अकादेमी इंदौर के कलाकारों द्वारा निर्देशिका साधना मादावत के निर्देशन में किया गया। जैन समाज की अनमोल रत्न साधना मादावत जैन, जैन समाज की प्रबुद्ध हस्ती है आप पूरे देश मे जैन गाथाओं, कथाओं नाट्य रूप में महामंचन कर आज की युवा व बाल पीढ़ी को सांस्कृतिक माध्यम से धर्म से जोड़ने का भागीरथी प्रयास के रही हैं बच्चो में सद संस्कारों का बीजारोपण कर रही है। बैंड बाजों बग्घी के साथ निकली भरत की दिग्विजय यात्रा के दृश्य अपनी अपनी अमिट छाप छोड़ गए ।सम्पूर्ण नाट्य कथानक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

## आचार्य श्री को श्री फल भेंट कर किया अशोक नगर में चातुर्मास का निवेदन



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** तीर्थ राज डोंगरगढ़ में विराजमान परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ के चरणों में नव निर्वाचित श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल, राकेश अमरोद, ब्र राजकुमार चाचा, सुनील अखाई, उमेश सिघई, विजय धुर्रा सहित सभी सदस्यों ने आचार्य भगवंत के कर कमलों में जिनवाणी भेंट की इस दौरान कमेटी को चरण वंदना करने का सौभाग्य प्राप्त कर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ से अशोक नगर चातुर्मास के लिए निवेदन किया इसके पहले धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य भगवंत की महापूजन की गई ।विशाल चंदौवा लगेगा मूलनायक भगवान पर इस दौरान आचार्य श्री ज्ञानसागर हथाकरघ केन्द्र द्वारा डोंगरगढ़ के मूलनायक भगवान श्री चन्द्रप्रभ स्वामी के ऊपर लगने वाले विशाल चन्दोवे का आचार्य श्री के समक्ष विमोचन मनोज कुमार रन्नौद के साथ अध्यक्ष राकेश कासंल, राकेश अमरोद, विजय धुर्रा, उमेश सिघई, प्रमेचन्द्र प्रमी, राकेश लालाजी ने कर तीर्थ कमेटी को भेंट किए। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष राकेश कांसल ने कहा कि हम सब चातुर्मास का निवेदन लेकर आये है वर्षों से हम आचार्य भगवंत आपके चरणों की रज पाने को तरस रहे हैं ।राकेश अमरोद ने कहा कि हम सब गुरु चरणों की राह देख रहे हैं कई सालों से चातुर्मास नहीं मिला इस साल चातुर्मास हो ये प्रार्थना है। विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री हम सब चातुर्मास की आश कर रहे हैं। अशोक नगर अंचल वर्षों से इन पावन चरणों की वंदना के भाव संजोए वैठा है भगवंत हमें सेवा का अवसर एक बार देने की कृपा करें।